an>

Title: Need to credit the amount of compensation from the Central Government directly into the accounts of the farmers of Uttar Pradesh.

कुँवर पुÂपेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर): अध्यक्ष महोदया, पूरे हिन्दुस्तान में बुंदेलखंड के किसानों की स्थिति सबसे भयावह है। उत्तर प्रदेश सरकार वहां बिल्कुल निरंकुशता से काम कर रही है। संवेदनशीलता नाम की कोई चीज नहीं बची है। पूरे उत्तर प्रदेश विशेÂ◌ा रूप से बुंदेलखंड में वहां का राजस्व, विद्युत और बैंक, इन तीनों की मिलीभगत से किसानों का शोÂ◌ाण हो रहा है। वहां ट्यूबवैल की बिजली का दोगुना रेट लिया जा रहा है। घरेलू बिजली का रेट भी सिर्फ बुंदेलखंड के सात जनपदों में पूरे उत्तर प्रदेश से ज्यादा लिया जा रहा है। यह स्थिति है कि किसानों को जो मुआवजा दिया जाना है, उसमें राजस्व विभाग के कर्मचारी सही रिपोर्टिंग नहीं कर रहे हैं। हमारा बुंदेलखंड बहुत दस्यु प्रभावित क्षेत्र रहा है। कई डकैतों ने जब आत्मसमर्पण किया तो उसके बाद बोला कि अगर हमारे क्षेत्र का लेखपाल ठीक होता तो शायद यहां आधे से ज्यादा लोग डकैत नहीं बनते। मेरा इस सदन के माध्यम से विशेÂ◌ा निवेदन है कि वहां की सरकार को इस बात के लिए बाध्य किया जाए कि राजस्व विभाग के कर्मचारियों पर सख्ती से कार्यवाही की जाए।

माननीय अध्यक्ष : श्री निशिकांत दुबे और श्री भैरों प्रसाद मिश्र को कुंवर पुÂपेंन्द्र सिंह चन्देल द्वारा उठाए गए विÂ◌ाय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

<u>18.24 hrs</u>

At this stage, Shri Bhagwant Mann went back to his seat.